May 2024

Monthly Magazine
Year 10 Issue 5

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार

In Giving We Believe

सत्युग

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

वुधवार सतसंग

प्रत्येक वुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसवुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसवुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

नारायण गीत

नारायण-नारायण का उद्घोष जहाँ
राम राम मधुर धुन वहाँ
सबको खुशियाँ देता अपरम्पार,
जीवन में लाता सबके जो बहार
खोले, उन्नति, प्रगति, सफलता के द्वार,
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
हमारा एन.आर.एस.पी., प्यारा एन.आर.एस.पी.
प्यार, आदर, विश्वास बढ़ाता
रिश्तों को मजबूत बनाता, मजबूत बनाता
परोपकार का भाव जगाता
सच्चाई, नम्रता सेवा में विश्वास बढ़ाता
सत को करता अंगीकार
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुस्कान के राज बताता,
तन, मन, धन से देना सिखलाता
हमको जीना सिखलाता
घर-घर प्रेम के दीप जलाता
मन क्रम से जो हम देते वही लौटकर आता, वही लौटकर आता
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
एन.आर.एस.पी.,एन.आर.एस.पी.

॥ 卐 ॥

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,

।। नारायण नारायण ।।

समय का अधिकतम और सर्वोत्तम उपयोग मेरे जीवन की पूँजी है । बचपन से ही हमारे पिताजी ने हमें एक-एक क्षण एक-एक पल का सदुपयोग करना सिखाया । पिताजी कहते थे कि पढ़ाई के अतिरिक्त जो भी समय मिलता है, उसका सदुपयोग अच्छी किताबें पढ़ने, अच्छी बातें सीखने में लगाओ। तो बचपन से ही हमें समय का सदुपयोग करने की आदत पड़ गई । पिताजी की सिखाई हुई इस आदत के लिए मैं उनको शत- शत नमन करती हूँ । समय के सदुपयोग की आदत की वजह से ही घर और सत्संग को संभालना संभव हो पाया । इस बात को बहुत अच्छे से समझा कि समय बहुत बलवान है रे भैया । यही आदत मेरे बच्चों में भी आई और उनके बच्चों को भी यह ही सिखाने के लिए हम कटिबद्ध भी हैं और प्रयासरत भी।

एक प्रसंग याद आ गया, एक बार गांधीजी रेल द्वारा उत्तर प्रदेश का भ्रमण कर रहे थे। सदा की तरह वे तीसरे दर्जे में बैठे हुए थे। उनके पौत्र कांति गांधी भी उनके साथ थे। गाड़ी तेज गति से चल रही थी।

गांधी जी अपने साप्ताहिक पत्रों 'यंग इंडिया', 'नवजीवन' के लिए लेख लिखने में व्यस्त थे। सहसा उन्होंने कांति से पूछा, 'कितना बजा है?' घड़ी देखकर कांति ने कहा, 'पांच बजे हैं।' तब तक गांधीजी की दृष्टि भी घड़ी पर चली गई। उन्होंने देखा कि पांच बजने में एक मिनट शेष है। उन्हें यह लापरवाही बहुत अखरी।

उन्होंने कहा कि पांच बजने में एक मिनट बाकी है। यदि ऐसा है, तो घड़ी रखने से क्या लाभ? तीस करोड़ मिनटों को जोड़ कर देखो कितने महीने और कितने दिन होते हैं? अगर पांच की जगह एक मिनट कम पांच कहते, तो क्या हो जाता? तुमने समय की अवहेलना कर ठीक नहीं किया।

गांधीजी व्यर्थ में एक पल भी नहीं गंवाते थे। उनका कहना था कि समय और सत्य दोनों रेल की पटरियों जैसे हैं, जिन पर मानव जीवन दौड़ता है। इसलिए हमें सत्यतापूर्ण विधि से ही समय के महत्व को जानना चाहिए। आप भी अपने जीवन में समय के अमूल्य धन का सदुपयोग करेंगे, ऐसी शुभ कामना है।

शेष कुशल

R. Modi

-: संपादिका :-
संध्या गुप्ता
09820122502
-: प्रधान कार्यालय :-
नारायण भवन
टोपीवाला कंपाउंड, स्टेशन रोड़
गोरेगांव वेस्ट, मुंबई
-: क्षेत्रीय कार्यालय :-

अहमदाबाद	जैविनी शाह	9712945552
अकोला	शोभा अग्रवाल	9423102461
अकोला	रिया अग्रवाल	9075322783
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	9422855590
औरंगाबाद	माधुरी धानुका	7040666999
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	7045724921
बैंगलोर	शुभांगीं अग्रवाल	9327784837
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	9341402211
बस्ती	पूनम गाड़िया	9839582411
बिहार	पूनम दूधानी	9431160611
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	8947036241
भोपाल	रेनू गट्टानी	9826377979
चेन्नई	निर्मला चौधरी	9380111170
दिल्ली (नोएडा)	तरुण चण्डक	9560338327
दिल्ली (नोएडा)	मेघा गुप्ता	9968696600
दिल्ली (डब्ल्यू)	रेनु विज	9899277422
धुलिया	रेणु भटवाल	878571680
गोंदिया	पूजा अग्रवाल	9326811588
गोहटी	सरला लाहोटी	9435042637
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	9247819681
इंदौर	धनश्री शिरालकर	9324799502
जालना	रजनी अग्रवाल	8888882666
जलगांव	काला अग्रवाल	9325038277
जयपुर	प्रीति शर्मा	9461046537
जयपुर	सुनीता शर्मा	8949357310
झुनझुनू	पुष्पा देवी टिबेरेवाल	9694966254
इचलकरंजी	जय प्रकाश गोयनका	9422043578
कोल्हापुर	राधिका कुमटेकर	9518980632
कोलकत्ता	स्वेटा केडिया	9831543533
कानपुर	नीलम अग्रवाल	9956359597
लातूर	ज्योति भूतड़ा	9657656991
मालेगांव	रेखा गारोडिया	9595659042
मालेगांव	आरती चौधरी	9673519641
मोरबी	कल्पना चोरौड़िया	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	9373101818
नांदेड़	चंदा काबरा	9422415436
नवलगढ़	ममता सिंग्रोडिया	9460844144
नासिक	सुनीता अग्रवाल	9892344435
पुणे	आभा चौधरी	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	9434012619
परतवाड़ा	राखी मनीष अग्रवाल	9763263911
रायपुर	अदिति अग्रवाल	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	9431115477
सूरत	रंजना अग्रवाल	9328199171
सांगली	हेमा मंत्री	9403571677
सिकर (राजस्थान)	सुषमा अग्रवाल	9320066700
श्री गंगानगर	मधु त्रिवेदी	9468881560
सतारा	नीलम कदम	9923557133
शोलापुर	सुवर्णा बलदवा	9561414443
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुधरा	9564025556
टाटा नगर	उमा अग्रवाल	9642556770
राउरकेला	उमा अग्रवाल	9776890000
उदयपुर	गुणवंती गोयल	9223563020
उबली	पल्लवी मलानी	9901382572
वाराणसी	अनीता भालोटिया	9918388543
विजयवाड़ा	किरण झँवर	9703933740
वर्धा	रूपा सिंघानिया	9833538222
विशाखापतनम	मंजू गुप्ता	9848936660

अंतर्राष्ट्रीय केंद्र का नाम		
ऑस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
दुबई	विमला पोद्दार	+971528371106
काठमांडू	रिचा केडिया	+977985-1132261
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
शारजाह	शिल्पा मंजरे	+971501752655
बैंकॉक	गायत्री अग्रवाल	66952479920
विराटनगर	मंजू अग्रवाल	+977980-2792005
विराटनगर	वंदना गोयल	+977984-2377821

卐

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

।। नारायण नारायण ।।

मैं २०१३ से एन आर एस पी और दीदी के साथ जुड़ी हूँ । इस दौरान दीदी के सानिध्य में बहुत कुछ सीखने को मिला । दीदी की कई खासियतों को जानने और समझने का सौभाग्य मिला।

जब -जब दीदी से यह प्रश्न किया, 'दीदी इतना व्यस्त रहने के बावजूद आप कैसे घर, सत्संग और यात्राओं को इतनी खूबसूरती से निभा लेती हैं?' तो दीदी हमेशा की तरह सरल मुस्कान के साथ कहा, 'उसकी कृपा और उसके दिये कण -कण और क्षण- क्षण के सदुपयोग से यह बड़ी ही आसानी से संभव हो पाता है और मेरे पास हर काम के लिए समय ही समय होता है।'

यह बात उस समय और अधिक गहराई से समझ आई जब दीदी के साथ यात्रा करने का अवसर मिला । जब हम यात्रा कर रहे होते हैं, एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन पर होते हैं, तब हम सहयोगी तो आस पास पड़ी कुर्सियों पर बैठ जाते हैं पर दीदी चलते रहते हैं और फ़ोन पर आवश्यक बातें भी करते रहतें हैं। जब हम उन्हें कुछ देर आराम करने को कहतें हैं तो वह कहती हैं, ' मुझे मेरे १०,००० स्टेप्स का टार्गेट पूरा करना है', और पूरे उत्साह और जज़्बे के साथ वाक् करते रहते हैं । सड़क से भी यात्रा करते समय दीदी आवश्यक फ़ोन कॉल कर लेते हैं, मैडिटेशन कर लेते हैं। लंबी लंबी यात्रा के बाद भी आज तक हमने कभी दीदी के पूर्व- निर्धारित प्रोग्राम को आगे या पीछे करते नहीं देखा और यही रहस्य है दीदी के साधारण से असाधारण व्यक्तित्व बन जाने के सफ़र का।

टीम सतयुग ने सोचा, क्यों न एक बार फिर समय के सदुपयोग पर अपने पाठकों से एक बार फिर बात की जाये ।

आप सभी उस परम पिता नारायण के दिये हुए कण-कण, क्षण-क्षण का सदुपयोग करेंगें इन शुभकामनाओं सहित।

आपकी अपनी
संध्या गुप्ता

अंतरर्राष्ट्रीय कार्यालय :		
नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं । आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है । अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं ।
हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net
narayanreikisatsangparivar
@narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.
Call : 022-67847777

||नारायण नारायण||

सतयुग का शंखनाद

ब्रह्म मुहूर्त की प्रार्थनाओं में राज दीदी प्रतिदिन सत्संगियों को यह संज्ञान दिलाती हैं कि हम नारायण के दिये गए हर पल, हर क्षण का सदुपयोग करते हैं। एक साधारण गृहणी से असाधारण मोटिवेशनल वक्ता और नारायण रेकी सत्संग परिवार की स्थापना संभव हुई, समय के सदुपयोग से ।

संसार में ऐसी कोई भी वस्तु नहीं जिसकी प्राप्ति मनुष्य के लिए असम्भव हो । प्रयत्न और पुरुषार्थ से सब कुछ पाया जा सकता है परंतु एक ऐसी चीज़ है जिसे एक बार खोने के बाद फिर नहीं पा सकते हैं, वह है- 'समय' । कहते हैं, ' बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता'।

समर्थ रामदासजी ने 'दासबोध' में लिखा है : 'अपने जीवन का कोई भी क्षण व्यर्थ न जाने देना, यही सौभाग्य के लक्षण है ।

समय संसार की सबसे मूल्यवान संपदा है। इसे न तो खरीदा जा सकता है और न ही संचित किया जा सकता है। एक बार जो समय बीत जाता है, उसे पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसलिए समय का सदुपयोग करना और इसकी महत्ता को समझना अत्यंत आवश्यक है।

मनुष्य के जीवन में समय की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वे व्यक्ति जो समय के महत्व को समझते हैं वही इसका सही उपयोग कर के प्रगति के पथ पर अग्रसर रहते हैं ।

व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता के लिए समय का प्रभावी उपयोग महत्वपूर्ण है। उचित समय प्रबंधन से आपको अपने लक्ष्य निर्धारित करने और प्राप्त करने में सहायता मिलती है। जब समय का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाता है, तो उत्पादकता अधिकतम हो जाती है। कुशल समय प्रबंधन तनाव के स्तर को कम करता है। जब आप अपने समय की अच्छी योजना बनाते हैं और उसका अनुसरण करते हैं तो आप प्रत्येक कार्य के लिए समय निकाल सकते हैं। समय हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और समय के बिना तो जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अगर समय रुक जाएगा तो यह सम्पूर्ण प्रकृति चक्र ही रुक जाएगा। समय जीवन का आधार है, तो उन्नति तथा अवनति का परिणाम भी है। इसलिए जीवन का मूल मंत्र है, समय के साथ चलना और समय के महत्व को समझना। सफल लोग दुनिया में अलग काम नहीं करते, वो बस उस काम को अलग तरीके से करते हैं, वे लोग अपने समय के प्रत्येक हिस्से को ज़रूरी कामों में इस्तेमाल करते हैं। दुनिया में असफलता का बड़ा कारण है समय पर सही कार्य न करना। अगर आप भी अपने जीवन में कुछ बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और समय का सदुपयोग करते हुए उसी के अनुरूप कार्य करें। समय के उचित सदुपयोग के लिए आवश्यक है कि वर्तमान समय और संसाधनों का समुचित उपयोग करें । दीदी कहती हैं कि सदैव वर्तमान में जियें । आप जिस पल जो कार्य कर रहे हैं उसे सर्वोत्तम तरीक़े से करें । चाणक्य नीति में लिखा है, जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है कि बीती बातों पर दुःख न किया जाये और भविष्य के बारे में भी अधिक चिंतन करने के बजाय वर्तमान के अनुसार चला जाये ।

समय का महत्व हमारे जीवन के हर पहलू में दिखाई देता है, चाहे वह शिक्षा हो, कार्य, या व्यक्तिगत विकास, हर जगह समय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समय का सही उपयोग हमें सफल और संतुलित जीवन

जीने में मदद करता है। यदि हम समय को महत्व नहीं देते हैं और इसे व्यर्थ गँवाते हैं, तो हमारी प्रगति रुक जाती है और हम पीछे रह जाते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में समय का सही उपयोग करना बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को अपने अध्ययन समय का प्रबंधन करना आना चाहिए ताकि वे सभी विषयों में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। परीक्षा के समय यदि विद्यार्थी समय का सही उपयोग नहीं करते हैं और अंतिम क्षणों में पढ़ाई शुरू करते हैं, तो उनकी तैयारी अधूरी रह जाती है और परिणामस्वरूप उनके अंक कम आते हैं।

कार्यस्थल पर भी समय प्रबंधन का बहुत महत्व है। एक कर्मचारी जो अपने कार्यों को समय पर समाप्त करता है, वह न केवल अपने करियर में प्रगति करता है, बल्कि अपनी टीम और संगठन के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। समय की पाबंदी और समय प्रबंधन से कार्यक्षमता बढ़ती है और कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनता है।

व्यक्तिगत जीवन में भी समय का महत्व बहुत अधिक है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना, अपने शौक पूरे करना और स्वास्थ्य का ध्यान रखना - ये सभी गतिविधियाँ समय प्रबंधन की मांग करती हैं। यदि हम अपनी दिनचर्या में संतुलन बनाकर चलते हैं, तो हम मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

समय का सही उपयोग करने के लिए हमें कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिएः-

१. **समय प्रबंधनः** उचित समय प्रबंधन से अपनी दिनचर्या को योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्थित करें। महत्वपूर्ण कार्यों को पहले पूरा करें और समय सीमा निर्धारित करें।

२. **लक्ष्य निर्धारणः** छोटे और बड़े लक्ष्यों को निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करें। यह हमें अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है।

३. **प्राथमिकताएँ तय करनाः** कार्यों की प्राथमिकताएँ तय करें और उसी अनुसार उन्हें पूरा करें। इससे अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद नहीं होता है।

४. **समय की पाबंदीः** समय पर काम शुरू और समाप्त करने की आदत डालें। इससे कार्यों में देरी नहीं होती और समय की बचत भी होती है।

५. **बचे समय का सदुपयोगः** खाली समय का उपयोग सही तरीके से करें। नए कौशल सीखें, पढ़ाई करें, या स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करें।

'आज नहीं, कल करेंगे', इस कल के बहाने से हमारा बहुत समय नष्ट हो जाता है ।

संत कबीरजी चेतावनी देते हुए कहते हैं :

काल करै सो आज कर, आज करै सो अब ।
पल में परलय होयगी, बहुरि करेगा कब ।।

॥ 卐 ॥

कार्य को कल पर न टालें। जिन्हें आज करना है उन्हें आज ही पूरा कर लें । हर कार्य का अपना अवसर होता है । वह निकल जाने पर कार्य का महत्त्व ही समाप्त हो जाता है तथा बोझ भी बढ़ जाता है । वक्त पर न जोतकर असमय जोता हुआ खेत अपनी उर्वरता प्रकट नहीं कर पाता, वक्त पर न काटी गयी फसल नष्ट हो जाती है ।

वॉटरलू के युद्ध में नेपोलियन कुछ ही मिनटों में बंदी बन गया क्योंकि उसका एक सेनापति ग्राउची कुछ मिनट विलम्ब से आया । समय की उपेक्षा करने पर देखते-देखते विजय का पासा पराजय में पलट जाता है, लाभ हानि में बदल जाता है ।

जब समय के सदुपयोग और दुरुपयोग के परिणामों की तुलना की जाती है तब प्रतीत होता है कि दोनों के बीच दिखनेवाला छोटा-सा अंतर अंततः कितना भारी हो जाता है एवं भिन्न परिणामों के रूप में सामने आता है ! समय का सर्वोत्तम प्रतिफल उन्हें मिलता है जो अपना समय सावधानीपूर्वक परम लक्ष्य परमात्म प्राप्ति में लगाने का पुरुषार्थ करते हैं और तदनुरूप अपनी दिनचर्या बनाकर निरंतर उसका अनुसरण करते हैं ।

हमें समय पर उठना, समय पर सोना, समय पर खाना, समय पर पढ़ना, समय पर काम करना, और समय पर आराम करना चाहिए। हमें समय की कद्र करनी चाहिए, और समय को अपना मित्र बनाना चाहिए। समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति हमेशा सफल, संतुष्ट, और सम्मानित होता है। समय का सदुपयोग हमारे जीवन को सुंदर और सार्थक बनाता है।

जो समय के महत्व की अनदेखी करते हैं अथवा समय का दुरुपयोग करते हैं सफलता का उनसे दूर दूर तक कोई नाता नहीं होता है । मनुष्य की सफलता और समय का सदुपयोग दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं। आज के प्रतिस्पर्धा के आधुनिक युग में तो समय की महत्ता और भी बढ़ गई है।

आज के समय में मनुष्य जीवन में समय का महत्व बहुत अधिक है। यह जीवन समय की रफ्तार से भागता है । सभी के पास समय की कमी रहती है। अकसर आपने देखा ही होगा कि दो प्रकार के लोग होते हैं, एक तो वो जिनके जीवन में समय का बहुत महत्व होता है। और दूसरे वो जो समय की परवाह नहीं करते। उनके लिए समय की कोई मूल्य नहीं है। ऐसे लोग जीवन का आधा समय फालतू काम में बिता देते हैं। समय को यदि हम और विस्तृत रूप में समझें तो कह सकते हैं कि समय ही इस विश्व का निर्माता और विनाशक है। यह सदैव गतिमान रहता है। यह किसी भी विशेष व्यक्ति के लिए नहीं रुकता।

समय की उपयोगिता को समझना और उसका सही उपयोग करना हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समय एक ऐसी संपदा है जिसे हम संचित नहीं कर सकते, इसलिए इसका सही उपयोग हमें सफल, स्वस्थ, और संतुलित जीवन जीने में मदद करता है। हमें समय का महत्व समझना चाहिए और इसे व्यर्थ न गंवाकर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उपयोग करना चाहिए। इस प्रकार, समय का सही प्रबंधन हमें हमारे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिला सकता है।

ज्ञान मँजूषा

सतयुग के इस स्तंभ में हम सत्संग की झलकियाँ पाठकों के लिए लेकर आते हैं ताकि वह उन्हें समय- समय पर पढ़ सकें और सप्तसितारा जीवन की ओर आसानी से बढ़ सकें ।

नारायण शास्त्र और प्रार्थनाओं का समय

नारायण शास्त्र के अनुसार सुबह ४-५ का समय ब्रह्म मुहूर्त का होता है, साधुओं के उठने का समय होता है। इस वक्त हम प्रार्थना करते हैं, देश-विदेश से कई लोग जुड़ते हैं और कई गाँवों में तो कुछ लोग टीवी लगाकर बैठ जाते हैं और पूरा का पूरा कुनबा राम-राम की माला करता है। १०,००० प्लस परिवार ब्रह्म मुहूर्त में नारायण रेकी सत्संग परिवार द्वारा प्रसारित लाइव प्रार्थनाओं से जुड़ते हैं।

जल को एनर्जाइज करना

ज़ूम पर २४/७ प्रार्थनाएं चलती हैं । हेल्थ, वेल्थ, रिलेशनशिप, आनंद परिस्थिति (डिप्रेशन), अच्छी आदत (हैबिट), कैरैक्टर, संतुलित वजन, शुगर, बीपी, थायराइड, गर्भधारण, विवाह - यह सभी चीजों के लिए आप राम-राम का जाप करके जल को एनर्जाइज कर सकते हैं। जल को अमृत बनाकर, संजीवनी बनाकर जिसे जैसी ज़रूरत है उसे उसके हिसाब से थोड़ा-थोड़ा Energised जल पिला सकते हैं । सुबह अगर कोई दवाई लेता है तो वह इस जल के साथ राम-राम २१ करके ले सकता है और रात को सोते वक्त भी यह जल लेना जरूरी है। एनर्जाइज किए हुए जल की बूंदें आप किसी भी व्यक्ति के पानी के ग्लास में मिलाकर उन्हें पिला सकते हैं। दाल, सब्जी, आटा किसी में भी राम-राम २१ करके वह जल मिलाकर दे सकते हैं। यह एक्सपेरिमेंट आप एक हफ्ते करके देखिए, आपके धन में बरकत होगी, सेविंग्स बढ़ेगी। जितनी विनम्रता के साथ आप किसी के भी आगे बोलेंगे या झुकेंगे, उतना ही जल्दी रिजल्ट आपको मिलेगा। विवाह योग्य बच्चों के लिए भी यह जल एनर्जाइज करके आप दे सकते हैं। प्रेगनेंसी के लिए भी जल एनर्जाइज करके आप दे सकते हैं । जो संबंध के लिए प्लांट थेरेपी कर रहा है वह जल को एनर्जाइज करके प्लांट में डाल सकता है। किसी को अपने बॉस के साथ अपना रिलेशन अच्छा करना है तो वह व्यक्ति एनर्जाइज्ड जल स्वयं पीएं ताकि उन के संबंध सबके साथ स्वस्थ हो जाएं । पानी और वाणी का घनिष्ठ संबंध है। निंदा, चुगली, बुराई किसी की भी ना करें।

किसी को कुछ दिए बिना ना लोः-

दीदी ने अपनी प्रिय पात्र लेखिका सुधा जी मूर्ति के माध्यम से की

श्रीमती सुधा मूर्ति जी लिखती हैं कि कर्नाटक, तमिलनाडु एरिया में जहां सह्याद्री के घने जंगल हैं वहां पर एक दिन मेरा जाने का काम पड़ा। जिस दिन मैं उन घने जंगलों के बीच से गुज़र रही थी, उस दिन धीमी-धीमी बूंदा-बांदी हो रही थी, हल्की-हल्की बरसात हो रही थी। बरसात के दिनों में जंगल के बीच से गुज़रना बहुत मुश्किल होता है, इतना कीचड़, मेंढकों का टर्र -टर्राना, घने जंगल में जड़ी बूटियों की खुशबू महक रही थी, पक्षियों के चहकने की आवाज़ आ रही थी। मैं इन सब का आनंद लेते हुए आगे बढ़ रही थी क्योंकि यह आनंद शहरों में कहां देखने मिलता है? चलते-चलते मैं उस गांव में पहुंच गई, उस कस्बे में पहुंच गई जहां मुझे आना था।

॥ 卐 ॥

श्रीमती सुधा मूर्ति जी आगे लिखती हैं कि मैं एक चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़ी हुई हूं। जिस कस्बे में मैं पहुंची थी वहां एक छोटा सा स्कूल है, जिसकी मदद वह चैरिटेबल ट्रस्ट करना चाहता था। इस गांव में जो जनजाति रहती है वह 'थंडा' नाम से फेमस है और इस कस्बे की यह व्यवस्था है कि गांव का सबसे बुजुर्ग़ व्यक्ति ही गांव का लीडर होगा, प्रमुख होगा और उन्हें लोग 'थंडप्पा' के नाम से पुकारते हैं। थंडप्पा को लोग ईश्वर की तरह मानते हैं, उनकी पूजा करते हैं। थंडप्पा जैसा कहते हैं वहां के लोग वैसा ही करते हैं, पूरा गांव उसकी बात को फॉलो करता है। मैंने रास्ते में एक महिला से पूछा कि बताओ स्कूल कहां है? वह महिला रुकी, मुझे घूरा और बिना कुछ कहे ही आगे बढ़ गई। मैंने सोचा कि यहां का रिवाज होगा कि अजनबियों से बात नहीं करना और यह भी हो सकता है कि उसे मेरी भाषा समझ में नहीं आई होगी। कुछ दूर आगे बढ़ने पर मैंने देखा एक व्यक्ति गीत गुनगुनाते हुए केन की टोकरियां बना रहा था, मैंने उससे पूछा कि स्कूल कहां है? उसने इशारा किया कि स्कूल इधर है। चलते-चलते मैं उस गली से आगे बढ़ी और स्कूल तक पहुंच गई। स्कूल क्या थी, एक पुरानी सी इमारत थी जो शायद गांव के लोगों ने ही बनाई होगी। एक छोटा सा कमरा बना हुआ था, प्राइमरी स्कूल था वो। स्कूल के बाहर कुछ बच्चे खेल रहे थे और स्कूल के बगल में ही एक कच्ची झोपड़ी बनी हुई थी, वहां बड़े बच्चे कुछ बुन रहे थे। मैं उस इमारत के भीतर गई। वहां दो टेबल, दो कुर्सी, एक ब्लैक बोर्ड, एक मटका रखा हुआ था, वेंटीलेशन के लिए एक खुली खिड़की बनी हुईं थी। ऐसा लगा था कि यह स्टाफ की जगह है, यह ऑफिस है पर वहां मुझे कोई स्टाफ नजर नहीं आया। वहां से बाहर आकर कुछ दूर से एक व्यक्ति मेरे पास आया और पूछा कि 'अम्मा आपको क्या चाहिए?' मैंने उससे कहा कि मैं एक चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़ी हुई हूं, वह स्कूल की मदद करना चाहता है, मैं यह जानना चाहती हूं कि इस स्कूल की क्या ज़रूरतें हैं? उस व्यक्ति ने मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं दिया और ना ही मेरी बातों में इंटरेस्ट दिखाया। उसे एक दो पर्सनल बातें पूछने पर उसने मुझे यह बताया कि यह स्कूल स्टेट गवर्नमेंट चलाता है और वह वहां वॉचमैन कम पीओन है और कभी-कभी तो गाइड भी बन जाता है। तीन-तीन रोल निभा रहा है और इस सेवा के लिए उसे एक भी पैसा नहीं मिलता। उसकी ऐवज में उसका पोता स्कूल में पढ़ता है। आगे उस व्यक्ति ने बताया कि यहां दो टीचर हैं, लगभग ५० बच्चे हैं जो स्कूल में पढ़ते हैं जो दूर दराज के गांव से आते हैं, बहुत गरीबी है।

श्रीमती सुधा जी आगे कहते हैं कि वह व्यक्ति मुझे एक सुंदर से घर के पास ले गया जो एक कॉटेज था। वह गांव के प्रमुख का घर था, थंडप्पा का। थंडप्पा (९० वर्षीय व्यक्ति) से भी मैंने यही पूछा कि आपको स्कूल चलाने में कोई परेशानी तो नहीं होती है? उन्होंने कहा सिर्फ बरसात के दिनों में होती है। बारिश में बच्चों के कपड़े भीग जाते हैं, बच्चों के पास बहुत कम कपड़े होते हैं इस कारण वह स्कूल नहीं आ पाते।

श्रीमती सुधा मूर्ति जी उनसे कहती हैं कि अगली बार जब मैं यहां पर आऊंगी तब बच्चों के लिए छतरियां, रेनकोट और बहुत सारे कपड़े साथ लेकर आऊंगी ताकि बरसात के दिनों में भी इनकी पढ़ाई जारी रह सके। जब दोबारा मैं वहां पर गई तब मौसम बदल चुका था, ठंड शुरू हो चुकी थी। चारों ओर जंगली फूल खिले हुए थे, उनकी खुशबू से जंगल महक रहा था। ठंडी हवा का चलना, पक्षियों का चह-चहाना बहुत अच्छा लग रहा था। तेज-तेज चल के सीधे मैं थंडप्पा के घर पहुंच गई। मैं एक बैग साथ लेकर गई थी. उस बैग को मैंने थंडप्पा की

ओर सरकाते हुए कहा 'थंडप्पा, यह बैग में बच्चों के लिए लाई हूं, आप बच्चों को दे दीजिएगा।' उस बैग को स्वीकारते हुए थंडप्पा को संकोच हो रहा था। मैंने उनसे कहा कि पिछली बार जब मैं आई थी तो मुझे पता नहीं था कि बच्चों की क्या रिक्वायरमेंट है और अब यह मैं मेरे मन से लेकर आई हूं। यह सुनते ही थंडप्पा अपने घर के भीतर चले गए। मैंने पीछे मुड़कर देखा तो सात-आठ साल के बहुत सारे बच्चे मेरे पीछे बैठे हुए थे। मैंने उनसे पूछा कि तुम क्या पढ़ना चाहते हो ? किसी ने कुछ नहीं कहा। १४-१५ साल के दो बच्चे थे, मैंने उनसे भी पूछा लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं कहा। उसमें से एक लड़का सकुचाते हुए मुझे बोला कि मैम, हम कंप्यूटर के बारे में जानना चाहते हैं, मैंने टीवी में कंप्यूटर देखा है। अगर कन्नड़ में पुस्तक हो तो हमें दे दीजिएगा। हम पढ़ के कंप्यूटर के बारे में जानकारी हासिल कर लेंगे।

श्रीमती सुधा मूर्ति जी आगे लिखती हैं कि जब मैंने उन बच्चों की उत्सुकता देखी, मुझे अच्छा लगा और आश्चर्य भी हुआ कि यह बच्चे कितने पिछड़े हुए हैं फिर भी इनका मन है कि लेटेस्ट तकनीक की चीजें देखें, सुनें, और सीखें। मैंने उनसे कहा कि मैं बेंगलुरु जाकर पता करती हूं, अगर हो सका तो ठीक है अन्यथा मैं खुद तुम्हें कन्नड़ भाषा में पुस्तक लाकर दूंगी।

श्रीमती सुधा मूर्ति जी आगे लिखती हैं कि मेरे ऐसा कहने पर बच्चों के चेहरे खिल गए। इतने में थंडप्पा बाहर आए, उनके हाथ में एक कांच की शीशी थी, उसमें लाल रंग का कुछ द्रव्य भरा हुआ था। थंडप्पा ने मुझसे कहा कि अम्मा यह यहां का शरबत है। यह फल पूरे वर्ष में सिर्फ मई में ही होता है। हम उसका रस निकालकर संचय कर लेते हैं, २ वर्ष तक यह खराब नहीं होता। यह हेल्थी ड्रिंक है, एक गिलास पानी में एक चम्मच डाल दो। हमारी तरफ से यह आप उपहार स्वरूप स्वीकार कीजिए।

श्रीमती सुधा मूर्ति जी आगे लिखती हैं कि मुझे आश्चर्य हो रहा था, यह खुद इतने गरीब हैं और मैं इनसे यह कैसे ले सकती हूं? मैंने प्रेम से उन्हें मना कर दिया। जैसे ही मैंने उन्हें मना किया, उन्होंने मजबूती से मुझे कहा कि यदि आप हमारा उपहार स्वीकार नहीं करेंगे तो आप जो लेकर आए हैं वो हम भी स्वीकार नहीं करेंगे। थंडप्पा आगे कहते हैं कि इस जंगल में, इस गांव में हमारी कई पीढ़ियां राज कर चुकी हैं और उन्होंने हमें सिखाया है कि 'आप किसी से कुछ भी लेते हो तो उसके बदले में उन्हें कुछ अवश्य दो अन्यथा कुछ भी मत लो।'

श्रीमति सुधा मूर्ति जी आगे लिखती हैं कि यह मेरे लिए बहुत आश्चर्य का विषय था। आज तक जहां भी मैंने कुछ दिया था तो वहां के लोग धन्यवाद करते या आभार प्रकट करते थे और कई लोग तो शिकायत भी करते थे कि हमने १० सामान बोला था उसमें से ८ ही भेजा, दो नहीं भेजा आपने। यह बूढ़ा व्यक्ति सह्याद्री के घने जंगलों में रहता है, बेहद गरीब व्यक्ति हैं, उसने कभी स्कूल का मुंह भी नहीं देखा। वह प्रकृति के कितने बड़े नियम का पालन कर रहा है। किसी को कुछ दिए बिना ना लो।

चीजों को जमा करने के बजाए हमें बांटना चाहिए, यह बात राज दीदी ने अपने प्रिय पात्र केशव के माध्यम से समझाई।

॥ 卐 ॥

केशव कहते हैं, दो व्यापारी मिस्टर ए और मिस्टर बी निर्जन वन में चलते - चलते घने जंगल में रास्ता भटक गए। दोनों ही एक दूसरे से अनजान थे। दोपहर का वक्त हो चुका था, मिस्टर ए का भोजन खत्म हो चुका था। मिस्टर बी ने अपना भोजन कर लिया और उसके बाद भी एक बार फिर से भोजन किया जा सके उतना भोजन मिस्टर बी के पास बच गया था। मिस्टर ए को यह पता था कि मिस्टर बी के पास एक बार भोजन किया जा सके उतना भोजन पर्याप्त है, लेकिन मैं उनसे कैसे मांगू। वह अनजान व्यक्ति है और यह भी बात है कि वह दे या ना दे क्योंकि हम दोनों ही रास्ता भटके हुए हैं, पता नहीं कब इस जंगल से बाहर निकलेंगे। हमें एक दिन रुकना पड़ सकता है, दो दिन रुकना पड़ सकता है, मिस्टर बी को भी तो बाद में खाने के लिए भोजन चाहिएगा। बहुत देर हो गई और जब मिस्टर ए से रहा नहीं गया तब उन्होंने मिस्टर बी से कहा कि मुझे बहुत तेज भूख लगी है, कुछ खाने को मिल सकता है क्या? मिस्टर बी ने तुरंत जवाब दिया, है मेरे पास एक वक्त का भोजन मिल सकता है, तुम आराम से खा लो। मिस्टर बी ने झट अपना सूटकेस खोला जिसमें खाने का बॉक्स था। मिस्टर ए बगल में खड़ा-खड़ा निरंतर मिस्टर बी की पेटी में झांक रहा था। टिफिन में रोटी थी जो एक पोटली से बंधी हुई थी जिसमें कीमती रत्न थे। एक तरफ भोजन और एक तरफ कीमती रत्नों की पोटली। मिस्टर ए ने देखा तो उसे लालच आ गया। मिस्टर ए ने मिस्टर बी से कहा कि यह भोजन तुम कर लो और कीमती रत्नों की पोटली मुझे दे दो। जितने प्रेम से मिस्टर बी मिस्टर ए को भोजन का बॉक्स पकड़ा रहा था उतने ही प्रेम से मिस्टर बी ने मिस्टर ए को कीमती रत्नों की पोटली दे दी। मिस्टर बी ने कहा यह पोटली तो तुम ले लो और साथ में भोजन भी कर लो, तुम्हें भूख लगी है ना...! मिस्टर ए के हाथ में जैसे ही पोटली आई वह भाग खड़ा हुआ। मिस्टर बी चिल्लाता रह गया कि कम से कम रोटी तो खा लो, लेकिन मिस्टर ए ने यह नहीं सुना और वह भाग गया। जितनी ही तेजी से मिस्टर ए उस पोटली को लेकर भागा उतनी ही तेजी से वापस आया। मिस्टर बी के हाथ में मिस्टर ए पोटली थमाते हुए बोला - यह तो पकड़ो तुम्हारी पोटली, लेकिन मुझे इससे भी कीमती रत्न दो। 'तुम्हारे अंदर जो देने का भाव है, वह भाव मुझे दे दो।' इस भयावह जंगल में हम कब तक रहेंगे, ये हमें नहीं मालूम है, उसके बावजूद भी तुमने अपना भोजन मुझे देना स्वीकार किया। मैंने कीमती रत्न मांगे तो तुमने वह भी देना स्वीकार कर लिया। मिस्टर ए ने कहा कि जो देने का भाव तुम्हारे भीतर है वो सबसे कीमती रत्न है, वह मुझे दे दो और ये सब तुम रख लो।

केशव आगे लिखते हैं - मेरे नाना जी के मित्र श्री घनश्याम दास जी ने उनके पूरे जीवन में सिर्फ दिया ही दिया। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि वे ९१ साल की उम्र में भी इतनी खुशी और संतुष्टता से उनका जीवन जी रहे हैं। उन्होंने उनका पूरा जीवन जरूरतमंदों की जरूरतों को पूरा करने में लगा दिया। प्रकृति अब उनकी जरूरत के हिसाब से चीजें उन तक भेज रही है जो इस क्षण उन्हें चाहिए।

केशव आगे कहते हैं कि हम भी ऐसा कर सकते हैं क्या? लेना तो हम सभी चाहते हैं, हर व्यक्ति लेना चाहता है, लेकिन चीजों को जमा करने के बजाए हमें बांटना शुरू कर देना चाहिए। हमारा भी जीवन बहुत सुंदर हो जाएगा।

युवा मंच

यूँ करें छुट्टियों का सदुपयोग

छुट्टियों का इंतज़ार किसे नहीं होता! यह वो समय होता है जब हम अपनी दिनचर्या अपनी रुचि अनुसार निर्धारित कर सक्रिय रहते हैं।

विद्यार्थी हों, नौकरीपेशा या बिज़नेसमेन सभी को अवकाश का इंतज़ार रहता है।

साप्ताहिक अवकाश वो समय होता है जब हमें अपने कमरे, सामान व पूरे घर के रख रखाव को सुव्यवस्थित करने का अवसर मिलता है। बचे हुए समय में अपने नियर डियर के साथ कुछ क्षण बिता सकते हैं। उसके उपरांत समय मिला तो मनोरंजन।

आज के युवा इस समय का उपयोग सामाजिक कार्यों के लिए भी करते हैं। पास के गाँव जाकर इंग्लिश स्पीकिंग, पर्सनॅलिटी डेवलपमेंट, कंप्यूटर इत्यादि क्षेत्रों में ट्रेनिंग देकर वहाँ के लोगों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं, कदम से कदम मिला कर साथ चलने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

छुट्टियों का समय वो होता है जब आप स्वयं को प्रकृति से जोड़ सकते हैं। अपने शहर, पास के गाँव व सड़कों के किनारे वृक्षारोपण करें। अपने इलाक़े में सफ़ाई अभियान की पहल करें। अपने परिवेश में जैविक व रीसाइकल करने वाले कचरे को अलग करने का महत्व समझाएँ।

जल का सदुपयोग हो इस बारे में अपनी कॉलोनी में जागरूकता पैदा करें। आस पास के पानी के स्रोतों को साफ़ रखने के लिए अभियान चलायें। ऐसा करने से आप युवा तो परिवेश को अच्छा बनायेंगे ही साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए इस पृथ्वी को एक उत्तम धरोहर के रूप में छोड़ कर जाएँगे।

लंबी छुट्टियाँ वो समय होता है जब आपको अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहिए। अपने पारिवारिक बंधन को मजबूत करने के लिए अपने दादा-दादी, नाना नानी, माता-पिता और भाई-बहनों के साथ समय बिताएं। छुट्टियाँ परिवार और दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ाने का एक बेहतरीन समय है। यह अपने हितों का पालन करने और खुद को तरोताजा करने का भी समय है। इस समय अपनी मन पसंद हॉबी को समय दें जिससे आपको आत्म संतुष्टि मिलती है।

यह वो समय भी होता है जब आप अपने देश व विदेश के कुछ प्रसिद्ध शहरों और ऐतिहासिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको अलग अलग स्थानों की भौगोलिक स्थिति, जलवायु, पेड़ पौधों व संस्कृति की भी जानकारी मिलती है । आप कुछ नया सीखते हैं।

अपने व्यस्त रुटीन से थोड़ा समय निकालकर छुट्टी मनाने, आराम करने या मौज-मस्ती का विचार न सिर्फ आपको खुशी पहुंचाता है बल्कि आपके शरीर में स्ट्रेस हार्मोन - कोर्टिजोल को भी कम करता है। यही वजह है कि व्यस्त रुटीन के बावजूद एक छोटा सा ब्रेक भी आपको ताजगी से भर देता है।

छुट्टियों में छूट है कुछ हट के करने की,
यह देती हैं मौक़ा, अपने मन की करने की

॥ 卐 ॥

बच्चों की फुलवारी

मई/जून आते ही सभी छात्रों के लिए छुट्टियों का समय आ जाता है। जब बच्चे छोटे होते हैं और प्री प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल में होते हैं, तो माता-पिता छुट्टियों की योजना पहले से ही बना लेते हैं। सतयुग का यह मई अंक हमें बताता है कि छुट्टियों में क्या सबसे अच्छा किया जा सकता है।

मार्च/अप्रैल के दौरान हर छात्र अपने प्रदर्शन के लिए पूरी तरह से तैयार रहता है, क्योंकि यह परीक्षा का समय होता है। फिर, अप्रैल के आखिरी सप्ताह में परिणाम घोषित किए जाते हैं। और फिर भारत में गर्मियों की छुट्टियां होती हैं। गर्मियों के चरम पर, माता-पिता के लिए अपने छोटे-बड़े बच्चों को व्यस्त रखना और साथ ही उन्हें बाहर की चिलचिलाती गर्मी से बचाना एक चुनौती है। इस समय बच्चों की पढ़ाई से छुट्टी होती और छुट्टियाँ अन्य रुचियों को आगे बढ़ाने का सबसे अच्छा समय होता है।

इसे समझते हुए, कई बुद्धिजीवी बच्चों की बेहतर प्रगति और उनकी रुचि को विकसित करने के लिए समर कैंप के आयोजन को बढ़ावा देते हैं।

समर कैंप में बच्चों को कई तरह की गतिविधियों से रूबरू कराया जाता है, जिनमें से कुछ में उन्हें रुचि हो सकती है और कुछ में वे रुचि लेना सीखते हैं। चूंकि समर कैंप में आमतौर पर सामूहिक गतिविधि पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, इसलिए बच्चों को कई नई चीजें करने का मौका मिलता है और कई बार उन्हें एहसास होता है कि कुछ नया भी उन्हें पसंद आता है। गायन, नृत्य, रोबोटिक्स और ड्राइंग ऐसे ही कुछ क्षेत्र हैं। आउटडोर और इनडोर खेलों की कक्षाएं भी अच्छे विकल्प हैं। बच्चे अपनी पसंद के अनुसार खेल के मैदानों में भी जा सकते हैं। यह एक ऐसा विकल्प है जिसमें माता-पिता बच्चों को शहर से बाहर नहीं ले जा सकते। छुट्टियां बच्चों के लिए अपने दादा-दादी और रिश्तेदारों से मिलने का सबसे अच्छा समय होता है। अगर दादा-दादी गांव में हैं, तो यह वास्तव में सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि इससे बच्चे ग्रामीण भारत और उसकी प्रचुरता से परिचित होते हैं। इसका एक किस्सा यह है कि एक माता-पिता अपने बच्चे को यह दिखाने के लिए गांव ले जाते हैं कि हमारे गांव वाले कितने पिछड़े हुए हैं। बच्चा एक बड़ा और बेहतर दृष्टिकोण अपनाता है। बच्चा कहता है कि गांव वाले कितने भाग्यशाली हैं कि वे सितारों को निहार सकते हैं खुले आसमान के तले सो सकते हैं, हमारे पास एक पालतू जानवर है, उनके पास बहुत सारे हैं। पापा वे हमसे बहुत अमीर हैं। जब हम नयी जगहों पर जाते हैं तो हम बहुत सी नई चीजें सीखते हैं। आप एक दिन के लिए हाइकिंग और एक्सप्लोरिंग के लिए पास के किसी नेचर रिजर्व में जा सकते हैं। ऊंचे-ऊंचे पेड़ों और ताजी हवा से घिरे होने के कारण, शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर रहने और प्रकृति से फिर से जुड़ने का मौका मिलता है। आप अपने पसंदीदा शगल और शौक का आनंद ले सकते हैं। साथ में स्वादिष्ट हॉलिडे ट्रीट बनाने से लेकर दोस्ताना खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने तक, आप एक-दूसरे के साथ मूल्यवान समय बिताने के सरल सुखों में आनंद पा सकते हैं। जब आप इन गतिविधियों में शामिल होते हैं, तो आपको पलों को संजोने और अपने प्रियजनों की संगति की सराहना करने के महत्व का एहसास होता है।

छुट्टियाँ बंधन, चिंतन और आनंद का समय होता है। अपनी रुचियों और मूल्यों को पूरा करने वाली गतिविधियों के मिश्रण को अपनाकर, हम अपने खाली समय का अधिकतम लाभ उठा पाएं और ऐसी यादें बना पाएं जिन्हें हम आने वाले कई सालों तक संजोकर रखेंगे।

||नारायण नारायण||

दीदी के छाँव तले

जब से ऑन लाइन प्रार्थनाएँ शुरू हुई हैं सतयुग के इस स्तंभ में हम सत्संगियों के अनुभवों को साझा करते हैं जो वह ऑन लाइन आकर दीदी को बताते हैं कि किस तरह दीदी के सुझावों पर चलकर उन्होंने अपने जीवन की ग़लतियों को समझा, पकड़ा, सुधारा और एक सप्तसितारा जीवन की ओर बढ़े । प्रस्तुत हैं ऐसे ही कुछ अनुभवः-

१) मैं ६ साल पहले ट्यूशन क्लासेज लेती थी। पढ़ाने के बीच में मैं घर के काम काज कर लेती थी , जो बच्ची मेरे पास पढ़ती थी, मैं उसकी चर्चा भी कर देती थी। अपने बेटे के स्कूल की भी नकारात्मक चर्चा करती थी और उसके स्कूल के टीचर्स के बारे में भी नारायण शब्द बोलती थी । परिणाम - बेटे का सी ए फाउंडेशन में बड़ी मुश्किल से क्लीयरेंस हुआ। मेरा ट्यूशन पढ़ाना भी छूट गया ।

ससुराल से आए कपड़े कभी पसंद नहीं आते थे, मैं उनकी सब जगह चर्चा करती थी । परिणाम - मैं अपनी इच्छा से, पसंद से, चाहे वो साड़ी हो या सैंडल कुछ भी नहीं खरीद पाती हूँ, क्योंकि मेरे पति को पसंद नहीं आता है, खरीद भी लूँ तो मुझे चेंज करवा के उनकी पसंद के अनुसार लाना पड़ता है। शादी ब्याह में या कहीं भी जाना होता है तो भी उनकी पसंद के अनुसार ही कपड़े पहनने पड़ते हैं।

२) मैं अपने छोटे भाई बहनों को बहुत मारती-पीटती थी और टोकती थी। मैं उन्हें हर चीज़ में रोकती थी, वो लोग हर्ट हो जाते थे।

परिणाम सब भाई बहन अच्छे से रह रहे हैं, पर मेरी स्तिथि नारायण हेल्प है।

३) मेरे पति से कई बार नारायण वर्ड्स मुख से निकल जाते हैं। कैसी लड़की से पाला पड़ा है, दरिद्री है यह। जब, मेरे पति ऐसे बोलते हैं तो मुझे भी गुस्सा आ जाता है, फिर मैं भी नारायण वर्ड्स बोल देती हूँ।

परिणाम : हम दोनों को किसी भी काम में सफलता नहीं मिलती है।

४) मेरी नयी शादी हुई थी तब मेरी सासु माँ का व्यवहार ठीक नहीं था, तब सासु माँ के बारे में सोचती थी कि उनको पैरालिसिस अटैक आ जाये, तो मैं चैन से जी पाऊं।

परिणाम : उस समय समझ नहीं आया। आपसे जुड़ कर अब सब समझ में आ रहा है. मेरे पापा को पैरालिसिस अटैक आ गया।

५) मेरी बिल्डिंग में डिलीवरी बॉय जो मेरी सासु माँ का फ़ोन चुरा कर ले गया था, मैंने उसको दूसरे नंबरों से कॉल करके बुला लिया। फ़ोन तो मिल गया पर मैंने उसकी बहुत पिटाई कर दी।

परिणाम : उस दिन से ही मेरे हाथ में बहुत दर्द हो गया। बेटी के भी हाथो में दर्द हो गया।

नारायण भवन में माफ़ी चाहती हूँ।

६) नारायण भवन में शेरिंग्स सुन कर याद आया कि कई सालों पहले जब मेरी बेटी की शादी हुई थी तब मेरी बेटी की सासु माँ मेरी बेटी से बहुत डिमांड करती थी कि अपने पीहर से पैसे ले कर आओ। तब मैं इतना नहीं दे पाती थी और बार बार उनकी डिमांड से परेशान हो जाती थी।उस परिस्थिति में मेरे मुँह से निकल गया कि जब उनकी खुद की बेटी की शादी होगी तब उन्हें पता चलेगा, उनके खुद के शरीर से सारा पैसा निकलेगा।

परिणाम : आज बेटी की सासु माँ तो पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं पर मैं स्वयं कैन सर्वाइवर हूँ ।

प्रेरणादायक वृत्तांत

समय के सदुपयोग द्वारा गाँव में पानी

एक गांव में पानी की बहुत ही समस्या रहती थी। वहां के जो प्रधान थे वह आए दिन लोगों को मजदूरी देकर गांव के लिए उनसे पानी मंगवाया करते थे। जब इस रोज़ -रोज़ की समस्या ने ज्यादा बड़ा रूप ले लिया तो उन्होंने सोचा कि क्यों ना परमानेंट ही इसका इलाज किया जाए और लोगों को व्यवसाय दिया जाए, तब उन्होंने गांव में घोषणा करवा दी कि जो व्यक्ति जितना पानी गांव के लिए नदी से लेकर आएगा उसे उसकी मेहनत की कीमत दी जाएगी। एक बाल्टी का रू. १००/- और प्रत्येक बाल्टी में १० लीटर पानी होना आवश्यक था।

यह खबर गांव के दो ऐसे बेरोजगार व्यक्तियों पर पड़ी जिनको काम की सच में जरूरत थी और वह दिन भर अपना यूं ही बताया करते थे। 'राम और श्याम' यह दोनों जब गांव के प्रधान के पास पानी की बाल्टी को लेने के लिए पहुंचे तब प्रधान ने कहा जो जितनी बड़ी बाल्टी लेगा उसको उतने पैसे ज्यादा मिलेंगे। तब श्याम के मन में लालच आ गया क्योंकि वह शारीरिक तौर पर भी ठीक-ठाक था इसीलिए उसने भारी बाल्टी उठाने का मन ही मन निश्चय किया।

वहीं दूसरी ओर राम सोच रहा था कि मैं अपनी यथाशक्ति अनुसार ही बाल्टी उठाऊं ताकि मुझे थकान महसूस ना हो और समय बचा कर मैं अन्य काम कर पाऊं। तो फिर राम ने ऐसा ही किया। राम ने प्रतिदिन १० लीटर पानी की बाल्टी को नदी से लाकर गांव में देना शुरू किया और अपने कार्य अनुसार प्रधान जी से रुपए प्राप्त किए। वहीँ श्याम ने राम से भी ज्यादा भारी बाल्टी का चयन करके प्रधान जी से पानी लेकर आने के लिए दुगनी रकम पुरस्कार में प्राप्त की और वह राम से पैसे में काफ़ी अमीर हो गया। तब राम को एहसास हुआ कि यदि काम के पैसे मिलते हैं तो वह पैसे हम अपना समय देकर ही प्राप्त करते हैं। हम जितने समय में पानी लाते हैं और गांव का काम करते हैं प्रधान उसी समय का मूल्य हमें दे रहे हैं। बस उसी समय से राम ने निश्चित किया कि आज से मैं पानी लाने के साथ बचे हुए समय में आराम करने की जगह एक और नया काम करूंगा।

राम ने नदी से गांव तक पानी लाने के लिए सुरक्षित पाइपलाइन बिछाना शुरू कर दिया। उसके इस कार्य को देखकर कई लोगों ने उसकी अपेक्षा की व यह जताया कि यह कार्य अत्यंत कठिन है एवं तुम्हारे बस की बात नहीं, परंतु वह सब की अनसुनी करके बचे हुए समय में अपना कार्य करने में लगा रहा और मेहनत करता रहा। वहीँ ज्यादा धन प्राप्त होने के कारण श्याम को मौज-मस्ती व धन खर्च करने की बुरी लत लग गई एवं वह मेहनत से कमाए हुए धन को अच्छे कार्यों में लगाना की बजाय अन्य कामों में खर्च करने लग गया। राम दिन भर नदी से जाकर पानी लाता एवं बचे हुए समय में गांव के लिए नदी से एक ऐसी छोटी नहर या पाइप लाइन की व्यवस्था करने में लग गया जिससे गांव में पानी आसानी से बिना मेहनत के आ सके। उसका यह कार्य संपन्न होते-होते उसे ३ वर्ष का समय लगा, परंतु जब उसको सफलता मिली तो जो लोग गांव में उसके खिलाफ थे, उन सब के मुंह पर ताले पड़ गए।

राम को प्रधान की ओर से पुरस्कार तो मिला ही साथ में गांव में नवीनीकरण वह शहरीकरण करने का अन्य

पुरस्कार भी दिया गया एवं सम्मान भी किया गया । यही कारण है कि हम काम करते वक्त अपने आपको थका मानकर सीमित दायरे तक ही रहना चाहते हैं जबकि हमें अपने समय का सदुपयोग हर समय करने के बारे में सोचना चाहिए। काम चाहे घर का हो या बाहर का, हर काम को यदि अपना उचित समय व ध्यान देकर किया जाए तो कार्य सफल होने के साथ-साथ सम्मान भी प्रदान कराता है । क्योंकि समय ही वह वस्तु है जिसको देकर हमें धन लाभ अवश्य होता है।

आज मैं राम और श्याम की तुलना आधुनिक युग के लोगों से कर सकती हूं जहां एक ओर राम है जो प्राइवेट जॉब करने के बाद भी अपने समय का सदुपयोग किसी और अच्छी चीज में करना चाहता है और एक तरफ श्याम है जो कि महीने की ३० से ?४०,००० सैलरी में खुश है और उसके लिए यह काफी है कह सकते हैं। आज मार्केटिंग युग है। यदि हम अपनी जॉब के साथ-साथ कोई नियमित व्यवसाय की खोज करते हैं जो कि हमें अच्छी स्किल प्राप्त कराने के साथ हमारे ज्ञान और अनुभव को भी उभार लाये तो हमारे जीवन में समय का सही सदुपयोग कहलाएगा।

समय का सही सदुपयोग

समय का सदुपयोग जो करता है उस व्यक्ति को समय के साथ अच्छा परिणाम मिलता है।

ऐसा ही हुआ, जब सोनू और वानी की वार्षिक परीक्षा निकट थी।

सोनू - अरे तुम अभी भी पढ़ ही रही हो? चलो, खाना खाते हैं।

वाणी - बस एक छोटा सा प्रोजेक्ट बचा है। अगर मैं इसे पूरा नहीं करुँगी , तो शिक्षक मुझे डांटेंगे। और अगले सप्ताह से परीक्षा भी शुरू हो रही है । वानी बहुत मेहनती थी और समय का सदैव सदुपयोग करती थी । जबकि उसका भाई सोनू एक बहुत लापरवाह और शरारती बच्चा था। वह हर काम कल के लिए टाल देते थे।

वाणी - क्या तुम्हारा प्रोजेक्ट तैयार है? सोनू - अभी से प्रोजेक्ट ? उसे तो छठी पीरियड में जमा करना है। अभी दो पीरियड बाकी हैं। मैं इसे झट से कर लूंगा। अब जल्दी आओ, मुझे भूख लगी है। और मुझे खेलना भी है।

वाणी - अरे सुनो! रुको ! यदि तुम इसे पूरा नहीं करोगे, तो शिक्षक तुमको डांटेंगे।

सोनू और वानी के माता-पिता हमेशा सोनू को वानी का उदाहरण देते हुए समझते थे।

सोनू की माँ - देखो प्यारे सोनू , तुम बड़े हो गए हो। खेलकूद के साथ-साथ तुम अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान दो।

सोनू - हाँ माँ, मैं इसे कल से जरूर करूँगा।

सोनू के पापा - समय का सदुपयोग करना अपनी बहन से सीखो । देखो ! वह समय पर पढ़ती है, समय पर

खेलती है। आज का काम कल के लिए कभी नहीं टालती ।

सोनू - आप देखना कल से बिलकुल ऐसा ही करूँगा । क्या मैं अब खेलने जाऊं? प्लीज़ ।

सोनू दिन-पर-दिन अधिक लापरवाह हो रहा था। और अंत में, परीक्षा के दिन नज़दीक आ गए। सोनू और वानी की परीक्षा में सिर्फ दो दिन बचे थे।

सोनू के पापा - बच्चों , सोमवार से आपका परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं । तुम लोग अपनी पढ़ाई पर ध्यान दो । परीक्षा में अच्छा करो। सोनू, मुझे तुम्हारी बहुत चिंता है। तुम हमेशा अपना काम कल के लिए टालते रहते हो। पढ़ाई कल के लिए नहीं टालना। वानी की तरह सभी पाठों को समय से पढ़ लेना ठीक है !

सोनू - अरे पापा! परीक्षा में अभी पूरे दो दिन बाकी हैं । मैं सब कुछ झट से पढ़ लूंगा। सबकुछ । अभी मैं अब खेलने जा रहा हूँ। जब तक खेलूंगा नहीं तब तक पढाई भी समझ में नहीं आएगी।

सोनू - (सोनू जब अपना बल्ला उठाकर कर खेलने जा रहा था तब) अरे वानी ! देखो न, मौसम कितना सुहावना हो रहा है। चलो कुछ देर खेलते हैं। हम बाद में भी पढ़ सकते हैं। झट से सब हो जायेगा ।

वाणी - हाँ, मौसम तो सुहावना है पर मुझे अपना पाठ अभी पूरा करना है । कल हमारी परीक्षा है।

सोनू - इस मौसम में तो खेलने का मज़ा ही कुछ और है। तुम पढ़ती रहो, मैं खेलने जा रहा हूँ।

कुछ देर बाद वानी ने देखा सुहाना मौसम था । धीरे-धीरे आंधी - तूफ़ान में बदल रहा है। और काले बादल भी छा रहे थे, जैसे कभी भी बारिश हो सकती है। बारिश का मौसम देख वानी को चिंता होने लगी। कि अगर बारिश आ गयी तो उसका पाठ कैसे पूरा होगा । क्योंकि बारिश में अक्सर घर की बिजली कट जाती है ।

वाणी ने सोनू को आवाज दी । सोनू - सोनू सुनो! मौसम देख कर लग रहा है कि बारिश होने वाली है। शायद , रात को बिजली भी कट जाये । खेलना बंद करो। आओ और आकर अपना पाठ पूरा कर लो। वरना कल परीक्षा में क्या लिखोगे ?

सोनू - चिंता मत करो, वानी। अभी तो दोपहर ही हो रही है। रात को मैं बैठ कर फटाफट सब खत्म कर लूँगा। बिजली नहीं कटेगी। बल्कि बारिश के बाद पढ़ने में और मजा आएगा। अच्छा अब मैं जाता हूँ अब मेरी बैटिंग आ गयी ।

सोनू देर शाम तक खेलता ही रहा। लेकिन उसे चिंता तब हुई जब अचानक से बारिश शुरू हो गयी । सोनू बुरी तरह घबरा गया और घर लौट आया। घर पर आकर उसने देखा कि घर में ही नहीं बल्कि पूरे गांव में बिजली नहीं है। यह देखकर सोनू ज़ोर -ज़ोर से रोने लगा। सोनू - कल परीक्षा में मेरा क्या होगा ? मैंने तो एक पाठ भी नहीं पढ़ा । और अब तो बिजली भी नहीं है। मैं फेल हो जाऊंगा।

वाणी - मैंने कहा था न कि अपना पाठ समय से पढ़ लो ।

सोनू के पापा - मैंने तुम्हे एक हफ्ते पहले हो कह दिया था कि समय पर पढ़ लेना लेकिन तुम्हें कभी कुछ समझ नहीं आता। अब भोगो।

सोनू - सॉरी पापा। अब मैं क्या करू? काश ! मैंने सही समय पर ही अपने पाठ पढ़ लिए होते ।

उसे समझ आ गया था कि उसकी लापरवाही के कारण उसके पास पढ़ने के लिए समय नहीं बचा था ।

वाणी - रोने - धोने से अब कुछ नहीं होगा। अब समझ आया कि सर तुम्हे क्यों समझा थे ? अब रोना बंद करो और चलो मेरे साथ। मैंने अपनी पढ़ाई समय पर ही पूरी कर ली थी । मैं तुम्हे सारा पाठ समझा दूंगी और याद भी करवा दूंगी । चलो ।

अगले दिन, दोनों बच्चे खुशी-खुशी परीक्षा देने गए।

सीख - जो समय का करे सम्मान, भविष्य में वो कहलाये महान।

समय, धन और यमराज

दोस्तों एक बार एक आदमी था, वह हमेशा पैसे कमाने के लिए व्यस्त रहा करता था और ऐसा करते करते एक दिन वह बहुत अमीर बन गया लेकिन उसके पास खर्च करने के लिए समय नहीं था या फिर यूं कहिए कि वह बहुत कंजूस था और वह अपना पैसा खुद के लिए भी खर्च नहीं करता था। लोगों के बीच में उसकी छवि ज्यादा कुछ अच्छी नहीं थी लेकिन वह इन चीज़ों के ऊपर ध्यान नहीं देता था ऐसा करते करते उसकी जिंदगी बीत रही थी।

लेकिन अब भी उससे पैसों का मोह नहीं छूट पा रहा था और एक दिन उसकी एक्सपायरी डेट आ गई क्योंकि वह बूढ़ा हो चुका था ज्यादा एनर्जी उसके अंदर नहीं बची थी इसलिए एक दिन उसको निमंत्रण आ गया यमराज का।

यमराज ने उसके द्वार पर दस्तक दी और कहा चलिए महामहिम आप का समय आ चुका है अब उस आदमी की यमराज से क्या बातचीत होती है सुनिए बड़ी मजेदार है।

आप मुझे इस तरह से नहीं ले जा सकते। यमराज ने कहा क्यों...?

मेरे पास बहुत पैसा है और वो मैं आपको दे सकता हूं, आप मुझे जीने का समय दीजिये। यमराज ने कहा यह मुमकिन नहीं है लेकिन उसने फिर कहा कि मैं आपको ५० प्रतिशत देने के लिए तैयार हूं मैंने अपनी जिंदगी में इन पैसों को बहुत मेहनत से कमाया है उन पैसों को देने के लिए तैयार हूं लेकिन यमराज ने कहा कि नहीं , जो लिखा जा चुका है वह बदला नहीं जा सकता लेकिन वह फिर भी मानने के लिए तैयार नहीं हुआ. एक के बाद एक यमराज को रिश्वत देने की कोशिश की लेकिन कुछ नहीं कर पाया। अंततः उसने कहा कि आप मेरी सारी संपत्ति ले लीजिए, क्या आप मुझे जीने के लिए एक घंटा दे सकते हैं। यमराज ने मना कर दिया, ऐसा संभव नहीं है। उसको समझ में आ चुका था कि समय की क्या महिमा है।

आज मैं मेरा एक घंटा, १ मिनट कोई काम का नहीं है।

मेरी आपसे विनती है आप मुझे एक पत्र लिखने का समय दीजिये और इसे मरने से पहले की आखिरी इच्छा समझ लेना। यमराज बोले , हां ठीक है।

उस पत्र में क्या लिखा यह सुनिए उसने लिखा जिस किसी को भी यह पत्र मिला है मेरी एक सलाह है, आपसे हाथ जोड़कर विनती है कि जिंदगी में पैसों के पीछे मत भागना। आप अपने पैसों से समय को नहीं खरीद सकते। आधुनिक इतिहास में या आधुनिक जीवन में समय से कीमती कोई नहीं है, समय सबसे बड़ा बलवान है।

इसलिए अपने जीवन को भरपूर जिएं क्योंकि आप जीवन को पैसों से तो खरीद ही नहीं सकते बाकी यह जीवन आपका है आप जैसा चाहें वैसा जी सकते हैं। मैं अपने जीवन में कुछ नहीं कर पाया सिवाय पैसे कमाने के और वह पैसा मेरे कुछ भी काम नहीं आया इसलिए मेरी आपको यही सलाह है कि आप जिंदगी को खुलकर जिएं खुशियां बांटे और खुश रहें यही मेरी आपको सलाह है ।

समय के सदुपयोग से सफलता

सुमित ने बारहवीं कक्षा की पढ़ाई पूरी कर कॉलेज में एडमीशन लिया था। कॉलेज जाने के लिए सुमित बहुत उत्साहित था। आज कॉलेज में उसका पहला दिन था। सुमित साफ-सुथरे नए कपड़े पहनकर कॉलेज पहुंचा। वह अपने क्लास रूम की ओर बढ़ ही रहा था कि उसका रास्ता रोकते हुए उसके सामने कॉलेज का एक पूर्व विद्यार्थी आकर खड़ा हो गया। उसने सुमित से कहा- ''हाय! मेरा नाम रॉबिन है और तुम्हारा?'' सुमित हाथ आगे बढ़ाते हुए बोला- ''हैलो! मैं सुमित।''

रॉबिन ने अपना हाथ पीछे करते हुए कहा- ''हाथ बराबर वालों से मिलाते हैं। वैसे तुम इस कॉलेज में नए आए हो तो हम सीनियर्स को सलाम तो करना ही पड़ेगा।'' सीनियर्स का सम्मान करते हुए सुमित ने रॉबिन को सलाम किया और आगे बढ़ने लगा।

रॉबिन ने सुमित को क्लास की ओर जाने से रोकते हुए कहा- ''ठहर जाओ महाशय। क्लास में जाने की इतनी भी क्या जल्दी है।'' वह सुमित के कपड़ों को निहारते हुए बोला- ''अमीर घराने के लगते हो। हमारे कॉलेज की कैन्टीन में समोसे बहुत स्वादिष्ट हैं, आज समोसे तुम खिलाओगे।'' सुमित ने बिना न नुकुर किए रॉबिन की बात मान ली और उसे व उसके दोस्तों को कॉलेज की कैन्टीन में समोसे की पार्टी दे दी।

रॉबिन अब सुमित से खुश था, वह बोला- ''अच्छा अब जाओ क्लास में कहीं क्लास मिस न हो जाए।'' सुमित जल्दी-जल्दी अपनी क्लास की ओर चल दिया। सुमित की क्लास के सभी विद्यार्थी बहुत होनहार और होशियार थे, साथ ही वहां के लेक्चरर्स भी बहुत एजुकेटेड थे। सुमित मन लगाकर पढ़ाई करने लगा और उधर रॉबिन था कि उसने रोज-रोज नए स्टूडेंट्स को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वह कभी उनका टिफिन खा जाता

तो कभी किसी की स्कूटी की चाबी मांगकर घंटों बाद उसे उसकी स्कूटी लौटाता।

सुमित की कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने को आई थी और कॉलेज के ही माध्यम से उसे एक अच्छी कंपनी में प्लेसमेंट भी मिल गया। कॉलेज के प्रोजेक्ट पूरे होते ही सुमित ने कंपनी ज्वाइन कर ली और अपनी बुद्धिमत्ता से वह जल्दी ही कंपनी का सीईओ भी बन गया।

उसकी कंपनी ने हाल ही में लिपिक के पदों पर भर्ती के लिए जॉब्स निकाली थी। इंटरव्यू लेने के लिए सुमित सहित कॉलेज का पैनल बैठा था। दो तीन इंटरव्यू के बाद जब रॉबिन का नाम पुकारा गया तो सुमित को हैरानी हुई और कुछ ही देर में उसने देखा कि उसके सामने रॉबिन अपने डॉक्यूमेंट्स की फाईल हाथ में लिए खड़ा था।

रॉबिन की नज़र जैसे ही सुमित पर पड़ी वह उसे सीईओ की पोस्ट पर बैठा देखकर सकपका गया। वह बहुत शर्मिंदा था और आश्चर्यचकित भी। वह भी उसी कॉलेज में पढ़ा था जिसमें सुमित किन्तु आज तक वह नौकरी के लिए भटक रहा था।

सुमित को देखते ही रॉबिन को कॉलेज की अपनी सारी बदमाशियां याद आने लगीं। अपनी बदमाशियों के बावजूद सुमित के सधे हुए और नम्रता भरे व्यवहार का स्मरण भी रॉबिन को हो आया था। सफलता की कुंजी अब रॉबिन को समझ में आ गई थी।

रॉबिन सुमित के सामने गिड़गिड़ाया सा खड़ा था। उसने अपनी गलतियों का पछतावा किया और बोला- ''सुमित! यदि मैंने भी तुम्हारी तरह कॉलेज में जूनियर्स को परेशान करने और ऊलजलूल हरकतें न करते हुए सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दिया होता तो शायद आज मैं भी अच्छे नंबरों से पास हो जाता और नौकरी के लिए यहां वहां नहीं भटक रहा होता।''

रॉबिन की आंखों में आंसू थे उसे बहुत पछतावा हो रहा था। वह चुपचाप वहां से जाने को हुआ तभी सुमित ने उसे रोका और कहा 'रॉबिन! जो समय बीत गया उसे वापस तो नहीं लाया जा सकता किन्तु तुम्हारा पश्चाताप तुम्हें आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। यदि तुम लगन से इस छोटी पोस्ट को भी स्वीकारोगे तो हो सकता है कंपनी में आगे तरक्की कर पाओ।''

रॉबिन सुमित की अच्छाईयों से पहले से ही वाकिफ था, उसने सुमित की बताई राह पर चलना बेहतर समझा और सुमित का शुक्रिया अदा करते हुए वहां नौकरी ज्वाइन कर ली।

सारः समय का सदुपयोग ही हमारे विकास की राह प्रशस्त करता है।

स्वर्गवासी पूज्यनीय बाबू लाल जी मालपानी की जन्म तिथि पर नारायण आशीर्वाद ।

रेशमा हेड़ा और महेश कुमार हेड़ा को विवाह वर्ष गाँठ (३० जून) पर सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सफलता से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद ।

|| 卐 ||

Pavaan Vani

Dear Narayan Premiyon,

ll Narayan Narayan ll

The maximum and best utilization of time is the capital of my life. Since childhood, our father taught us to make good use of every moment. Father used to say that whatever time you get apart from studies, use it in reading good books, learning good things. So, since childhood, we got into the habit of making good use of time. I bow down to my father for this habit taught by him. It was possible to manage the house and Satsang only because of the habit of making good use of time. I understood this very well that time is very powerful. This habit has come in my children too and we are committed and trying to teach this to their children too. Gandhiji did not waste even a moment in vain. He used to say that both time and truth are like railway tracks on which human life runs. Therefore, we should know the importance of time in the right manner.

Gandhiji was once touring Uttar Pradesh by train. As usual, he was sitting in the third class. His grandson Kanti Gandhi was also with him. The train was moving at a fast speed.

Gandhiji was busy writing articles for his weekly newspapers 'Young India' and 'Navjeevan'. Suddenly he asked Kanti, 'What time is it?' Looking at the watch, Kanti said, 'It is five o'clock.' By then Gandhiji's eyes also went to the watch. He saw that it was one minute left before five o'clock. He was very upset by this carelessness.

He said that it was one minute left before five o'clock. If this is so, then what is the use of keeping a watch?

Add thirty crore minutes and see how many months and days are there? What would have happened if instead of five, you would have said one minute to five? You did not do right by ignoring time.

Gandhiji did not waste even a moment in vain. He used to say that both time and truth are like railway tracks on which human life runs. Therefore, we should know the importance of time only through truthful methods.

Rest is all well,

R. Modi

CO-EDITOR
Deepti Shukla 09869076902

EDITORIAL TEAM
Vidya Shastry 09821327562
Mona Rauka 09821502064

Main Office
Narayan Bhawan
Topiwala Compound, station road,
Goregaon (West), Mumbai.

Editorial Office
Shreyas Bunglow No 70/74 Near Mangal Murti Hospital, Gorai link Road, Borivali (W) Mumbai -92.

Regional Office

AHMEDABAD	JAIWINI SHAH	9712945552
AKOLA	SHOBHA AGRAWAL	9423102461
AKOLA	RIYA AGARWAL	9075322783
AMRAVATI	TARULATA AGRAWAL	9422855590
AURANGABAD	MADHURI DHANUKA	7040666999
BANGALORE	KANISHKA PODDAR	7045724921
BANGALORE	SHUBHANGI AGRAWAL	9341402211
BASTI	POONAM GADIA	9839582411
BIHAR	POONAM DUDHANI	9431160611
BHILWADA	REKHA CHOUDHARY	8947036241
BHOPAL	RENU GATTANI	9826377979
CHENNAI	NIRMALA CHOUDHARY	9380111170
DELHI (NOIDA)	TARUN CHANDAK	9560338327
DELHI(NOIDA)	MEGHA GUPTA	9968696600
DELHI (W)	RENU VIJ	9899277422
DHULIA	RENU BHATWAL	878571680
GONDIYA	POOJA AGRAWAL	9326811588
GAUHATI	SARLA LAHOTI	9435042637
HYDERABAD	SNEHALATA KEDIA	9247819681
INDORE	DHANSHREE SHIRALKAR	9324799502
JALANA	RAJNI AGRAWAL	8888882666
